दिन–शनिवार दिनांक– 30 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उनके पुत्र और राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने ग्रहण किया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव तथा चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति कल पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार भारत रत्न प्रदान करेंगी। अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार ग्रहण किए। समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव– दो हजार चौबीस के पहले चरण के लिए राज्य की चार संसदीय सीटों गया, नवादा, जमुई और औरंगाबाद में दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की आज जांच की जा रही है। इन सीटों के लिए कुल बहत्तर उम्मीदवारों ने पर्चे भरे हैं। सबसे अधिक बाईस प्रत्याशियों ने गया लोक सभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भरे हैं। वहीं, औरंगाबाद से इक्कीस, नवादा से सत्रह और जमुई संसदीय सीट से बारह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये हैं। नाम वापसी की अंतिम तारीख दो अप्रैल है। इन चारों संसदीय क्षेत्रों के लिए मतदान उन्नीस अप्रैल को होगा।

———————————————————————

किशनगंज संसदीय क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, राजस्व

एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। किशनगंज में दूसरे चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————

भाकपा माले ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने आरा लोकसभा सीट से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह और नालंदा से संदीप सौरभ को टिकट दिया है।

———————————————————

विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. की कल नई दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली होगी। इस रैली में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना–उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय जनता दल, वामपंथी दल समेत अन्य पार्टियों के प्रमुख नेता भाग लेंगे।

———————————————————

प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इसके प्रभाव से आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और गया जिले के एक या दो स्थानों में मेघगर्जन और वज्रपात होने का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कक्षा एक से पांच तक के नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। कुल तिरानवे दशमलव तीन नौ प्रतिशत शिक्षक सफल हुये हैं। परीक्षा में एक लाख अड़तालीस हजार आठ सौ पैंतालीस शिक्षक शामिल हुये थे, जिनमें एक लाख उनतालीस हजार दस शिक्षक सफल हुये हैं। परीक्षार्थी बीएसईबी समक्षता डॉट कॉम पर अपना परिणाम देख सकते हैं। बोर्ड के अनुसार यह परिणाम पूरी तरह औपबंधिक हैं। सफल शिक्षकों की काउंसिलिंग के लिए शिक्षा विभाग द्वारा अलग से सूचना दी जायेगी। सक्षमता परीक्षा में असफल हुए अभ्यर्थियों को चार और मौके मिलेंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए समक्षता परीक्षा आयोजित

करवाने का फैसला किया था। इस परीक्षा में सफल नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलेगा।

———————————————————————————

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाईस मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में चौदह करोड़ डॉलर बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर छह सौ बयालीस अरब डॉलर से अधिक हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक से जारी आंकड़ों में कहा गया है कि लगातार पांचवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में यह बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार में चौंतीस करोड़ सत्तर लाख डॉलर की वृद्धि हुई और अब यह इक्यावन अरब डॉलर से अधिक हो चुका है।

———————————————————————————

बिहार बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉक्टर भीम सिंह ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी फारबिसगंज मार्ग पर भदेसर के पास एक कार और ई– रिक्शा की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, एक आशाकर्मी सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।